THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Since the list is exhausted, Mr. Ram Naik is here. I think it would be worthwhile to wait for the hon. Minister because some good news is there. At least, when we go back....*(Interruptions)*...

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Most of the Members want to speak tomorrow. ...*(Interruptions)*... That is why they have just taken leave. .. That is the problem. Anyway, those who are here, they can speak. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR) : Mr. Ram Naik, the hon. Minister, I am told that you are giving some good news on a burning topic.

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAM NAIK): Sir, certainly, I am going to give some good news. This might be a little late for the Rajya Sabha. ...*(Interruptions)*...

श्री दीपांकर मुखर्जी (पश्चिमी बंगाल): उस हाऊस में आपने बीस रुपये कम किया है, 20 और 20 जोड़कर चालीस कर इसे पूरा खत्म कर दीजिए ।

STATEMENT BY MINISTER

Revision in the prices of domestic LPG

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAM NAIK): Sir, as the hon. Members are aware, the Finance Minister had, in his Budget Speech, on 28th February, 2002, announced in this August House a reduction in the retail prices of diesel by around 50 paise per litre and of petrol by around Re. 1 per litre. Increases in the retail price of domestic LPG by about Rs.40 per cylinder and of Kerosene oil under Public Distribution System by around Rs.1.50 per litre were also announced. These changes in prices were given effect to by the oil companies with effect from 1st March, 2002.

After the revision in the consumer prices that I have just now mentioned, hon. Prime Minister received representations from various

sections of society, including political parties and consumers groups. They had requested the Government for reducing the burden on consumers due to the recent increase in price of domestic LPG. The Government, after considering all aspects of the matter, have now decided to reduce the retail selling price of domestic LPG by about Rs.20 per cylinder. This would benefit over 6.3 crore urban and rural households using LPG for cooking. The reduction in the price has come into force from the midnight of 16th/17th March, 2002.

I may mention here that the oil prices, over last few weeks, have been showing an upward trend. The price of Brent Crude Oil, which was around US $ 20 per barrel in the last week of February 2002, is presently over US $ 23 per barrel. The prices of petroleum products in the international market have also moved upwards over past three weeks. In spite of the increase in the oil prices in the international market, the Government have, with a view to reduce the burden on consumers using LPG for cooking, decided to reduce the prices that I have just now mentioned. The subsidy burden due to this price reduction would increase by around Rs. 700 crores during the year 2002-03.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Mr. Dipankar Mukherjee.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, well, it is good that a reduction has been announced. I have three or four clarifications to seek from the hon. Minister. I feel he need not be apologetic to the Finance Minister for the so-called subsidy of around Rs. 700 crores more for this.

My first point is: the Administered Price Mechanism has been removed as per the policy of the United Front Government. Did they not suggest, specifically, a revision in the tax structure? In a sense, the road plan, which has been placed before Parliament by the then Petroleum Minister, envisaged a 0.5 per cent import duty which now, actually, is 10 per cent. The excise duty on LPG and Kerosene was to be 10 per cent, as per that road map, which is now, if I am not mistaken, is 16 per cent. Sir, the hon. Finance Minister is frowning at me. With this 5 per cent and 6 per cent increase in excise duty, how much money is been going to the Finance Ministry? If the road map for the APM is implemented, as per the decision

of the United Front Government, then, why was not the tax revision on both import duty and excise duty not been followed in toto? This is my first point. How do you say that once your import is high, your excise duty is high, the subsidy will also go up? In 1993, when the price of Kerosene was Rs. 1.5 per litre and the LPG was Rs. 110 per cylinder, the subsidy amount was Rs. 5,043 crores. Today, when the cost of an LPG cylinder is Rs. 267 or 287 -- if you take into account the increased amount of Rs. 40 per cylinder -- and kerosene is Rs. 9.50, the subsidy component is still Rs. 6,000 crores. The major part is, the tax and the duty structure has not been revised. Had that revision been done, as per the decision of the U.F. Government, would this increase in prices have become necessary?

My second point is, there is a recommendation of the Standing Committee on this. The international price of crude oil is increasing. So far as the indigenous oil is concerned, a cess of Rs. 900 per tonne was being charged, which, this time, has been increased to Rs. 1,800 per tonne. This cess, as per the Act, envisaged, will be utilised for the development of oil and petroleum sectors, including fertilizer. So, now, the record says that up to March, 2000 -- if I am not mistaken -- Rs. 32,000 crores was collected towards cess. Out of that Rs. 902 crores were given to the Industrial Development Board. Right now, you say it will be the market that will determine the price. If it is the market-determined price, if it is a free market, then, this cess, which has been increased by Rs. 9000/- per tonne, would generate Rs. 2,700 crores excess this year. This Rs. 2,700 crores, for what it would be utilized? Who is subsidising whom? This money is going to the Consolidated Fund of India. It means Rs. 2,700 crores is going extra. But this is a charge on which the subsidy is also increasing. How do you then justify a market economy? The Government says, "We are not involved in investment. Private investment will come." When the private investments are coming, then, why only indigenous oil producers are being levied the cess? The cess is being charged only from the public sector units, that is, Oil India Ltd. and ONGC. The private sector companies are not being charged any cess. Then, with the increase in cess, naturally, the subsidy amount is also increasing. So, why this cess is there? You remove that. Revive the tax structure. I am sure you will not have to do this subsidy calculation at the end. You bring up the import duty by 10 per cent, and bring down the excise duty to 8 per cent. See how much is your actual subsidy. The subsidy calculation must be open and transparent to the people of this country. Just giving the figures is not sufficient. It should

be clear -- right from the crude oil prices, both indigenous as well as imported oil -- how the retail prices are being fixed, how the subsidy is being contained. That should be on record in the Parliament. The Parliament can decide on it. And the cess collected for the oil industry development, should not be used for making up the fiscal deficit.

श्री मूल चन्द मीणा (राजस्थान) : सभापति महोदय, पैट्रोलियम मंत्री जी ने एलपीजी गैस पर कुछ दिन पहले बढ़ाए हुए दामों में बीस रुपए की कमी की है। मैं पैट्रोलियम मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इस देश में नीचे के तबके के गरीब आदमी ही मिट्टी के तेल का उपयोग करते हैं। इस पर आपने 1 रुपया 50 पैसे प्रति लीटर बढ़ाया है। लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आता कि एलपीजी गैस पर तो आप पैसे कम कर रहे हैं लेकिन जो गरीब और पिछड़ा आदमी है, जो मिट्टी के तेल का उपयोग करता है, उस पर आपने यह भार क्यों कायम रखा है? उनके लिए दाम क्यों नहीं कम किए? आज अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का मूल्य बढ़ रहा है। आपकी स्टेटमेंट से ऐसा लगता है, आपने जो रेट कम किए हैं थोड़े दिनों में इनको बढ़ाएंगे। क्योंकि एक तरफ तो आप अंतर्राष्ट्रीय मूल्य की बात करते हैं, एलपीजी गैस के दाम कम करने की बात करते हैं, दूसरी तरफ इस देश का गरीब आदमी जिस मिट्टी के तेल का उपयोग करता है, उसके पैसे कम नहीं किए हैं। ऐसा लगता है कि सरकार की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। गरीब लोगों को अपना जीवन यापन करने के लिए कैसे सुविधा हो सके, मिट्टी के तेल का उपयोग नीचे के तबके के लोग करते हैं, उनके लिए आपने नहीं सोचा? इसके क्या कारण हैं, यह बताएं?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): May I request the hon. Members to seek only clarifications?

श्री मूल चन्द मीणा : महोदय, मैं कारण ही तो बता रहा हूं । मंत्री महोदय, इस सदन के लोगों को यह विश्वास दिलाने का कष्ट करें कि भविष्य में हम मिट्टी के तेल पर और एलपीजी गैस पर घटाए हुए पैसे दोबारा नहीं बढ़ाएंगे, ऐसा आश्वासन इस सदन को दें। यही मैं कहना चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR) : Please do not make speeches. Seek only clarifications.

श्रीमती सरोज दुबे (बिहार) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी को सिलेंडर और केरोसीन ऑयल के दाम बढ़ाने और घटाने की बाजीगरी की दाद देना चाहती हूं । मैं समझ नहीं पाई कि यह द्रविड़ प्राणायाम् क्यों किया गया । उन्हें मालूम था कि अगर चालीस रुपए बढ़ाएंगे तो इन पर इतना दबाव पड़ेगा कि इन्हें घटाना पड़ेगा और इन्होंने घटाया है । लेकिन अब इन्हें एक रास्ता यह मिला हुआ है कि जो बीस रुपये बढ़े हुए हैं उसके लिए इनकी कोई आलोचना नहीं होगी। क्योंकि ये कहेंगे कि हमने बीस रुपये घटा दिए हैं । बड़ी चतुराई से, सूझ-बूझ से इन्होंने बीस रुपये बँढ़ा भी लिए और लोगों से पीठ भी थपथपवा ली कि हमने बीस रुपये कम कर दिए । उपससभाध्यक्ष जी, हमेशा यही होता है...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Madam, what is the clarification? Please seek the clarification. You are making comments. There is no scope for clarifications.

श्रीमती सरोज दुबे : मैं यह जानना चाहती हूं कि इस तरह का काम क्यों किया जाता है? क्यों दाम बढ़ाया जाता है और क्यों घटाया जाता है । पंद्रह दिनों के अंदर क्यों इस तरह का काम किया गया ? माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा है कि ये जो दाम घटाए जा रहे हैं उससे उनके बजट को कोई नुकसान नहीं होने वाला है । यह बात उन्हें पहले भी मालूम थी क्योंकि बजट कोई एक दिन में नहीं बनता । पूरी समीक्षा और एक लंबी प्रक्रिया के बाद बनता है । उसके बाद इस तरह की बातें हुईं । यह कोई बहुत प्रशंसनीय बात नहीं है ।

केरोसीन ऑयल के बारे में मैं कहना चाहती हूं कि देश का एक गरीब तबका इसे इस्तेमाल करता है । गरीब की झोंपड़ी में टिमटिमाती रोशनी केरोसीन ऑयल से ही होती है । डीजल के दाम बढ़े लेकिन वे घटा लिए गए । मैं सिर्फ यह जानना चाहती हूं कि ये क्यों बढ़ाए गए और और क्यों घटाए गए ? जिस तरह की अंतर्राष्ट्रीय मार्किट की बातें हो रही हैं क्या भविष्य में इसका दाम पुनः बढ़ाने का भी इनका कोई इरादा है ? अभी तो सस्ती वाहवाही लूटने के लिए इन्होंने घटा दिए हैं लेकिन सदन खत्म होने के कुछ दिन बाद ये किसी न किसी बहाने से बढ़ाने वाले हैं । मैं जानना चाहती हूं कि क्या ये भविष्य के लिए कोई आश्वासन देंगे कि कम से कम गृहणियों के लिए गैस सिलिंडर का दाम न बढ़ाएं । तमाम रास्ते हैं आप वहां पैसे बढ़ा लीजिए । बड़ी मुश्किल से एक गृहिणी एक सिलिंडर को एक महीने चलाकर खाना बनाती है । उसके ऊपर रहम करें । उसके घर में गर्म खाना खाने की छूट दे दें और गरीब की झोंपड़ी में जलने के लिए थोड़ा-सा मिट्टी का तेल दे दें । इन दोनों चीजों पर विशेष रियायत रखें ।

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी ने बड़ी ही संवेदनशीलता के साथ, एल.पी.जी. का जो मूल्य बढ़ाया है उस पर विचार करते हुए उसका आधा दाम कर दिया है, यह ठीक है लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या उसी प्रकार से जो केरोसीन ऑयल है, अगर उसका 50 फीसदी दाम घटा देते तो इस समय जो वृद्धि की गई है उस पर कितनी सब्सिडी की आवश्यकता पड़ती ? उसका क्या हिस्सा लगता, आपने निश्चित रूप से इस पर विचार किया होगा । अगर इसकी जानकारी हो जाए, उसका वहन करने की स्थिति बने और यदि उसके दाम भी घटा सकें तो बड़ी कृपा होगी । मैं यह जानना चाहता हूं कि अगर 50 फीसदी कैरोसीन ऑयल का दाम घटा दिया जाता तो सब्सिडी की क्या स्थिति बनती ?

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तरांचल) : उपसभाध्यक्ष जी, मेरे बहुत ही छोटे-छोटे दो स्पष्टीकरण हैं । दूसरे पैराग्राफ में मंत्री जी ने कहा कि उपभोक्ता कीमतों में संशोधन के बाद, जिनका मैंने अभी उल्लेख किया है, आदरणीय प्रधानमंत्री जी को राजनैतिक दलों और उपभोक्ता ग्रुपों तथा समाज के विभिन्न वर्गों से आवेदन प्राप्त हुए थे । उन्होंने घरेलू एल.पी.जी. की कीमतों में हाल में हुई वृद्धि के कारण उपभोक्ता पर पड़े बोझ को कम करने के लिए सरकार से अनुरोध किया था । मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या इसी तरह के आवेदन मिट्टी के तेल के दाम को कम करने के लिए भी प्राप्त हुए थे ? यदि हां तो आपने क्यों नहीं किया ?

5.00 p.m.

मेरा दूसरा स्पष्टीकरण यह है कि मेरे होश में सिलिंडर पर एकदम चालीस रुपये दाम कभी नहीं बढ़े । एक साथ इतना दाम बढ़ाने के पीछे क्या लॉजिक था ? आप इन्हें किस्तों में भी बढ़ा सकते थे इससे सांप भी मर जाता और लाठी भी नहीं टूटती । माफ कीजिएगा, पब्लिक को जो नुकसान हुआ है वह तो हुआ ही है लेकिन हमें राजनीतिक नुकसान कितना हुआ है यह हम पार्टी चलाने वाले लोग ही जानते हैं । आप अब इन दो पर दाम वापस क्यों ले रहे हैं ? आपने पहले क्यों नहीं सोचा ? नुकसान कराकर आप वापस ले रहे हैं ।

श्री अवनि राय (पश्चिमी बंगाल) : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो गैस का दाम घटाया गया है, यह 16-17 तारीख की रात से घटाया गया है लेकिन मंत्री जी ने आज 18 तारीख को यह सूचना हमें दी। इससे पहले सदन को यह सूचना दी जाती तो बहुत अच्छा होता । दूसरी चीज यह है कि ऐसी जानकारी पेपर में पहले छप जाती है और हमें सदन में उसके बाद सूचित किया जाता है, ऐसा नहीं होना चाहिये । सब से बड़ी बात यह है कि जो कैरोसिन कंज्यूमर सब से ज्यादा हैं, उपभोक्ता सब से ज्यादा हैं, ये हमारे गरीब उपभोक्ता प्राइम मिनिस्टर को अपना रेप्रेज़ेंटेशन दे नहीं पाए हैं, इसलिए शायद कैरोसिन आयल के दाम उन्होंने कम नहीं किये हैं । पेट्रोलियम मंत्री, राम नाईक जी अपनी ओर से गरीब जनता की हालत को देखते हुए, जो बच्चे गांवों में पढ़ते हैं, देहात में काम करते हैं, कुप्पी जला कर रहते हैं, उनकी ओर ध्यान देते हुए, गैस सेलेंडर के दाम घटाने के साथ, डीज़ल के दाम घटाने के साथ ही साथ मिट्टी के तेल का दाम भी घटा दें तो अच्छा हो । मैं उनसे गुज़ारिश करता हूं कि वे गरीब जनता की ओर देखते हुए मिट्टी के तेल के भाव कम करें । धन्यवाद ।

श्री राम नाईक : उपसभाध्यक्ष महोदय, जिन चार माननीय सदस्यों ने स्पष्टीकरण पूछे हैं, मैं संकलित रूप में उनका उत्तर देने का प्रयास करना चाहता हूं । दीपांकर मुखर्जी ने यह कहा कि एक्साइज़ ड्यूटी 1997 में जितनी थी, उतनी अब क्यों नहीं है, इस प्रकार का एक मौलिक प्रश्न उठाया है। यदि हम केवल 1997 के आधार पर काम करते तो आपकी बात ठीक थी। लेकिन जब एडमिनिस्टर्ड प्राइस मेकेनिज्म डिसमेंटल करने की दिशा हम बढ़ रहे थे तो यह सारी बातें जो 1997 से आज तक हुई, उसके आधार पर हमने नये निर्णय लिये हैं । नये निर्णय में यदि हम एल.पी.जी. के मामले में एक्साइज़ ड्यूटी का रेट पुराना ही रखते तो मैं यह कह सकता हूं कि एल.पी.जी. के बारे में यह कहा गया था कि 15 परसेंट सब्सिडी रहनी चाहिये, तो अब मैं यदि 15 परसेंट सब्सिडी रखूं तो इतना कम करने के बाद भी सब्सिडी एक सेलेंडर पर 90 रुपये आती है, मतलब यह कि यह 30 परसेंट होती है । मुझे 15 परसेंट करना है तो उसमें और कुछ बढ़ाना पड़ता। दोनों का विचार कर के आखिर एक्साइज़ ड्यूटी कम करें या सब्सिडी ज्यादा दें तो उसका डेबिट क्रेडिट अकाऊंट में एक ही होता है, कभी एंट्री डेबिट पर जाती है, कभी क्रेडिट पर जाती है लेकिन कुल मिला कर के जो हिसाब होना चाहिये, वह हिसाब किया गया है । इसलिए इस समय एक सेलेंडर के पीछे इतना करने के बाद भी 90 रुपये प्रति सेलेंडर सब्सिडी है और वह परसेंटेज में लगभग 21 प्रतिशत आती है। दूसरा, ऐसा है कि क्रूड आयल के क्षेत्र में ओ.एन.जी.सी. या देश की जो दो कम्पनीज़ हैं, उनको और 900 सौ रुपया और सेस ज्यादा देना पड़ेगा, इसकी चिन्ता उन्होंने की है । जब पैसे की आवश्यकता होती है तो सरकार सेस बढ़ाती

है। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि इसमें ओ.एन.जी.सी.को लाभ होने वाला है क्योंकि 900 रुपया अतिरिक्त इस प्रकार का सेस बढ़ाया जाएगा । अभी इस समय ओ.एन.जी.सी. को जो कीमत मिलती थी, वह लगभग 5700 रुपये प्रति टन मिलती थी । अब उसको खुले बाजार में जो दाम है, वह मिलेगा और वह जब मिलेगा तो कभी 1800-2000 रुपये तक अधिक कीमत उसको मिल सकती है । इसलिए ओ.एन.जी.सी.को इसमें कुछ घाटा नहीं है । घाटा जो और कुछ बढ़ने की सम्भावना है, उसमें सरकार को 900 रुपया अधिक सेस आएगा जिसका उपयोग उचित तौर पर वित्त मंत्री के बजट में जो होता है, वह होता रहेगा । इसलिए यह आशंका मन में रखने की कोई आवश्यकता नहीं है कि ओ.एन.जी.सी. और आयल इण्डिया को इससे कुछ नुकसान होने वाला है। एक बात और जाते जाते उन्होंने कही, यदि मैं उसका जवाब नहीं दूं तो यह उचित नहीं होगा । उन्होंने कहा कि सब आयल कम्पनीज़ को प्राइवेटाइज़ करने के लिए हम निकले हैं । हमने सभी आयल कम्पनीज को प्राइवेटाइज़ करने का निर्णय नहीं किया है । जो हमारी तीन मेजर कम्पनीज़ हैं, इण्डियन आयल कारपोरेशन, ओ.एन.जी.सी.,जो एक्सप्लोरेशन का काम करती है और गैस अथारिटी आफ इण्डिया, लिमिटेड जो गैस का काम करती है, इन तीनों कंपनियों की 51 परसेंट से ज्यादा इक्विटी रखने के बाद they will be our flagship companies. इस प्रकार का निर्णय है...**(व्यवधान)**...

श्री दीपांकर मुखर्जी : 2700 करोड़ रुपया जो फाइनेंस मिनिस्ट्री एक्स्ट्रा सेस कलेक्ट करेगी वह तो आपके पास जाएगा...**(व्यवधान)**... Does it go to you?

श्री राम नाईक : मुझे पूरा करने दीजिए...**(व्यवधान)**... I am part of the Government. He is part of the Government. ...*(interruptions)*...

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: It was only for development of oil, not for making up the fiscal deficit.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Please allow the Minister to complete. ...*(interruptions)*...

श्री दीपांकर मुखर्जी : प्राइस बढ़ेगा तो ऐसे ही बढ़ेगा। आप सेस बढ़ायेंगे, फिर प्राइस बढ़ेगी। फिर बोलेंगे हम ज्यादा सब्सिडी दे रहे हैं। आपके आयल की प्राइसेज ज्यादा बढ़ रही हैं। आप सेस बढ़ा रहे हैं, प्राइस बढ़ा रहे हैं, उसके बाद बोलेंगे हम ज्यादा सब्सिडी दे रहे हैं। You are taking one thing from this pocket and, again, putting something in the mouth. How is it possible? When you are increasing the price.....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR):You are seeking clarifications again. Please allow the Minister to speak. Please do not interrupt him.

SHRI RAM NAIK: You know the accounts and I also know the accounts. ...**(व्यवधान)**... आप यह बात कह सकते हैं, लेकिन ऐसे गुमराह क्यों कर रहे हैं कि सभी आयल कंपनीज को हम प्राइवेटाइज करने के लिए निकले हैं ...**(व्यवधान)**... That is what you say. ...*(Interruptions)*... I am replying to that. If you can wait up to the end, probably, things can be clarified. And you will be also convinced, if you want to be convinced.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: I hope you are convinced.

श्री राम नाईक: दूसरा, मिट्टी के तेल के बारे में थोड़ा मैं कहना चाहता हूं। मिट्टी के तेल का डेढ़ रुपया जो हमने बढ़ाया वह सही है। वह भी कम करना चाहिए इस प्रकार की भी मांगें आईं थीं, यह भी सही है। लेकिन इस सारी बात पर विचार करते समय हमने आज की स्थिति क्या है - एलपीजी की क्या है और मिट्टी के तेल के ग्राहकों की क्या है - इसका विचार विनिमय करा कर ही ये फैसले किए हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सदन को थोड़ा और जानकारी देना चाहता हूं कि अपने आजू-बाजू के जो पड़ोसी देश, जैसे पाकिस्तान है, बंगलादेश है, नेपाल है, श्रीलंका है, जो हमसे गरीब देश हैं, इन गरीब देशों में मिट्टी के तेल की आज की कीमत क्या है। यह भी मैं आपको बताना चाहता हूं। अभी इस समय बढ़ाने के बाद दिल्ली में प्रति लीटर 8 रुपए 92 पैसे ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Please do not interrupt him. Let him give the clarifications. Whether you accept them or not, they have to be heard. Please do not interrupt him. ...*(Interruptions)*... Madam, you have sought clarifications. The hon. Minister is giving answers. Whether you like them or not is a different question. But, let him give the clarifications. Please do not interrupt him. Otherwise, I will not allow you to go on record. Please take your seat.

श्री राम नाईक : तो दिल्ली में हमारे दाम बढ़ाने के बाद एक लीटर मिट्टी के तेल की कीमत है 8 रुपए 92 पैसे। इस समय पाकिस्तान में 11 रुपए 56 पैसे है, मतलब यह लगभग 30 परसेंट ज्यादा है। बंगलादेश में 14 रुपए 44 पैसे है, जो लगभग 62 परसेंट ज्यादा है। श्रीलंका में 9 रुपए 06 पैसे, हमसे केवल 2 परसेंट ज्यादा है और नेपाल में 10 रुपए 73 पैसे, मतलब 20 परसेंट ज्यादा है। इन पड़ोसी देशों की खबर मैंने इसलिए बतायी कि ये देश हमसे गरीब हैं और अविकसित हैं तो भी वहां के लोग ज्यादा पैसे दे रहे हैं, यहां इस तुलना में कम है ...**(व्यवधान)**... क्योंकि अब हम अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जा रहे हैं, इंटरनेशनल सारा सिस्टम लागू हो रहा है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जो दाम होगा वह भविष्य में हमको देना होगा। इस भूमिका में कैरोसिन के संबंध में कुछ ज्यादा कम करने में थोड़ी संभावना नहीं हुई और मैंने सोचा कि यह बात मैं आपको बताऊं।

एक प्रश्न यह भी पूछा गया कि अभी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दाम बढ़ेंगे तो क्या हमको ज्यादा देना पड़ेगा। तो मैं उसका उत्तर देना चाहता हूं कि 1 अप्रेल 2002 के बाद एपीएम डिसमैंटल करने का मतलब यही है कि इसके आगे सरकार मूल्य पर नियंत्रण नहीं रखेगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार, स्वदेश का बाजार इसमें जो बात होगी उसके आधार पर निर्णय होंगे। जब बढ़ेगा तो बढ़ेगा, कम होगा तो कम भी करेंगे। कम हो सकता है यह हमने पैट्रोल और डीजल के दाम कम करके दिखा दिया है कि अब दाम कम भी हो सकते हैं। 40-50 साल में पैट्रोल और डीजल के दाम कभी भी कम नहीं हुए थे, हमारी सरकार पहली सरकार है कि इन्होंने दोनों के दाम कम करके दिखाए हैं ...**(व्यवधान)**... एक बात यह भी कही गयी कि मैं चतुर हूं...**(व्यवधान)**...। माननीया सरोज जी से मुझे एक प्रमाण-पत्र यह मिला ...**(व्यवधान)**... आपकी हर बात को तो मैं हमेशा रेसपांस देता रहता हूं । आपने एक गैस की शिकायत यहां की तो दूसरे दिन वहां पर जाकर सारी बात हो गई और उसमें आपका समाधान हो गया । ....**(व्यवधान)**...'

श्रीमती सरोज दुबे : अब उसके कारण क्या पूरे जीवन भर न बोलें ? ...**(व्यवधान)**...

श्री राम नाईक : अब बात यह आई कि मैंने चतुराई से काम किया है, ऐसा प्रमाण-पत्र मुझे मिला । विपक्ष से जब ऐसा प्रमाण-पत्र मिलता है तो निश्चित तौर पर थोड़ी खुशी भी होती है, लेकिन इसमें चतुराई कुछ नहीं है । वित्त मंत्री जी ने बजट पेश किया और बजट पेश करने के बाद एक्शन-रिएक्शन शुरू होता है, संसद् में बहस होती है, पोलिटीकल पार्टीज़ अपने वक्तव्य देती हैं । जो संगठन हैं, कंज्यूमर ऑर्गेनाइज़ेशंज़ हैं, उन्होंने, सब ने, मिल कर यह कहा कि यह ज्यादा लगता है । जब सब मिल कर कोई बात कहते हैं तो उसका रेसपांस देना डेमोक्रेटिक गवर्नमेंट का एक तरीका है । नहीं तो बजट जो रखा है वह वैसे का वैसे पास हो जाएगा । तब उसका मतलब क्या है, उस पर बहस का मतलब क्या है ? हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार है । आपने कुछ बातें कहीं तो ये बातें सुनी गईं और उनका हमने रेस्पांस दिया । उस रेस्पांस के लिए मैं मानता हूं कि थोड़ा धन्यवाद तो आपने मुझे दे दिया है और वह मैं ले लेता हूं । ...**(व्यवधान)**... लेकिन यह भी ख्याल रखना चाहिए कि पहले जो बात होती थी तो उस समय कोई तीन-साढ़े तीन करोड़ घरेलू कंज्यूमर होते थे । अब हमने दो साल में ढाई करोड़ नए कनैक्शन दिए हैं । देश में पहले तो केवल शहरों में गैस कनैक्शन होते थे, लेकिन अब शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी हैं । We are now having 6.30 crores domestic consumers for LPG. इतने बड़े व्यापक स्तर पर ग्राहकों का ठीक प्रकार से समाधान करने की हम कोशिश करते हैं । इसी भूमिका में ये जो बातें यहां पर आईं उसकी मैंने जानकारी दी । फिर एक बार मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि कैरोसिन का दाम मैंने क्यों नहीं घटाया । यह बात कलराज मिश्र जी ने भी पूछी और यह भी पूछा कि उसकी सबसिडी कितनी होती है । कैरोसिन का दाम एक रुपया बढ़ाने या घटाने का मतलब यह है कि एक हजार करोड़ रुपये की सबसिडी बढ़ाना या घटाना । इसलिए बड़े व्यापक पैमाने पर इसका असर होता है और इस समय यह करना संभव नहीं है । अब कहा गया कि इसकी सूचना पहले राज्य सभा को क्यों नहीं दी गई, ऐसा सवाल श्री अवनि राय जी ने उठाया । अब मैं क्या करूं, 16 तारीख को मैंने लोक सभा में बयान दिया और उस समय राज्य सभा नहीं चल रही थी, नहीं तो वहां से यहां मैं तुरंत आता । 16-17 तारीख को राज्य सभा नहीं थी और आज 18 तारीख को राज्य सभा शुरू हुई तो मैंने

सुविधा देख कर राज्य सभा को इसकी जानकारी दी । इसलिए लोक सभा हो या राज्य सभा हो, दोनों सदनों को जानकारी देने का हमारा प्रयास रहता है और इसी भूमिका में मैं आज यहां पर बयान दे रहा हूं । मैं आशा करता हूं कि जो निर्णय हमने किया है 20 रुपये प्रति सिलेंडर कम करने का उसका बड़ा स्वागत हुआ है, यहां पर भी मिला-जुला स्वागत हुआ है और किसी ने इसका विरोध नहीं किया । इसके लिए मैं सदन को धन्यवाद देता हूं। इतना ही मैं कहना चाहता हूं।

श्री अवनि राय : उन्होंने कहा कि संवेदनशील सरकार है, तो उनके मंत्री महोदय को मैं फिर रेक्वेस्ट करता हूं कि आम जनता को देखते हुए और गरीब जनता को देखते हुए कैरोसिन तेल के दाम कम से कम 50 पैसे प्रति लीटर घटा दें तो उनका स्वागत और जोरदार होगा ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Now, we will resume the discussion on the General Budget. Shri S. Viduthalai Virumbi.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Sir, I have already informed that the retiring Member of our party, Shri P.N.Siva, will be speaking on the General Budget tomorrow.

SHRI PRANAB MUKHERJEE. If there are no speakers, we can adjourn the House. If there are some speakers, then they can speak, and thereafter, we can adjourn the House. We will finish the debate on the General Budget tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR):Dr. Arun Kumar Sarma. He is the last speaker.

THE BUDGET (GENERAL), 2002-2003 - *(Contd.)*

DR. ARUN KUMAR SARMA (Assam): Thank you, hon. Vice-Chairman, Sir, for giving me this opportunity to speak on the General Budget. As we all know, the Budget is a regular, stereotype exercise. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): May I be permitted to hear the Member?